तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 15 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

देवगढ़ में सुशासन तिहार : 1486 आवेदन निराकृत
4



**खबर संक्षेप**

## गोदरीपारा चिरमिरी में शिविर आज

**चिरमिरी।** 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की सुविधा के लिए जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट की बुकिंग एवं फिटमेंट कार्य के लिए शिविर का आयोजन 15 मई तक महेश परिवहन सुविधा केन्द्र गोदरीपारा चिरमिरी में किया जाएगा। आवेदन के लिए आरसी कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर अद्यतन कर आवेदन की प्रक्रिया निर्धारित फीस जमा कर पूर्ण की जा सकती है। मोबाइल नंबर अद्यतन नहीं होने की स्थिति में मोबाइल नंबर भी अपडेट करा सकते हैं। इस प्रकार देने होंगे शुल्क- दोपहिया वाहन 365.80 रूपए, तिपहिया वाहन 427.16 रूपए, हल्के मोटरयान 656.80 रूपए, भारी वाहन 705.64 रूपए, इसके अलावा एचएसआरपी नंबर प्लेट की बुकिंग स्वयं या जिले में स्थापित परिवहन सुविधा केन्द्र या चॉइस सेंटर के माध्यम से परिवहन विभाग के वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते हैंञ भविष्य में एचएसआरपी नंबर प्लेट नहीं लगाने वाले वाहन स्वामियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस शिविर का लाभ लेकर बुकिंग के साथ-साथ नंबर प्लेट लगवा सकते हैं नहीं तो बाद में जुर्माना भरना पड़ सकता है।

## दुर्घटना में युवक की मौत चालक पर अपराध दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत अंतर्गत ग्राम सलका के पास सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। यह हादसा बीते दिवस सलका पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने हुआ, जब मृतक अपनी साइकिल से घर लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीटी 1391 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुरेन्द्र राजवाड़े के रूप में की गई है।

### पटना के छिंदिया गांव में समाधान शिविर, जल संरक्षण पर दिया गया जोर

# पीएम आवास के लिए सर्वे की आखिरी मियाद आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सुशासन तिहार के अंतर्गत कोरिया जिले में आयोजित समाधान शिविरों की कड़ी में बुधवार को पटना तहसील के ग्राम छिंदिया में व्यापक जनभागीदारी के साथ समाधान शिविर का आयोजन हुआ। इस शिविर में बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शिविर के दौरान यह जानकारी सामने आई कि आवास और पेयजल संबंधी समस्याओं को लेकर सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस पर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि हर घर का सर्वे कराया जा रहा है और प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने अपने संबोधन में जल संकट की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि जल संरक्षण की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। उन्होंने कहा कि जीवन पानी से है और भोजन की थाली तेल और दाल से पूरी होती है, केवल धान पर निर्भरता घटाएं और दलहन-तिलहन की खेती अपनाएं। उन्होंने खेतों और बाड़ियों में 2 बाई 2 के गड्ढ़े खोदकर वर्षा जल को संरक्षित करने, भू-जल स्तर बढ़ाने में सहयोग देने और कोदो-कुटकी, मूंगफली, सरसों जैसी कम जल मांग वाली फसलों को अपनाने की अपील की। वहीं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी से आग्रह किया कि बेटियों के जन्म पर 5 पौधे जरूर लगाएं ताकि धरती की हरियाली बनी रहे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों पर सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना, नशे से दूर रहना और नाबालिगों को यौन उत्पीड़न या डायन प्रताड़ना से सुरक्षा देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं के साथ ही सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य, सरपंच, पंच सहित काफी संख्या में ग्रामीण और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




ग्रामीणों से चर्चा करते विधायक, 2 में प्रमाण देते जिपं अध्यक्ष।

### 3 लाख से अधिक आवास स्वीकृत: भईयालाल

मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि समस्याओं का समाधान करना ही शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि मोर आवास, मोर अधिकार योजना के तहत केन्द्र सरकार की मंत्री द्वारा मंगलवार को 3 लाख से अधिक आवास स्वीकृत किए गए हैं और पात्र हितग्राहियों को इसका शीघ्र लाभ मिलेगा। 15 मई को सर्वे की अंतिम मियाद है।

### स्वास्थ्य जांच व प्रमाण-पत्र वितरण

शिविर में ग्रामीणों ने बीपी, शुगर जैसी स्वास्थ्य जांच कराई। 10 बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र, 6 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, किसानों को किसान पुस्तिका और स्वामित्व योजना के अभिलेख प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया और पोषण जागरूकता का संदेश दिया।



## बीज प्रक्रिया केन्द्र और कृषि कार्यालय भवन निर्माण की मांग

■ जिपं अध्यक्ष मोहित ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज को सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** सरगुजा संभाग मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में श्री पैकरा ने पहली मांग कोरिया जिले में बीज प्रक्रिया केन्द्र की स्थापना को लेकर की।

उन्होंने बताया कि अविभाजित कोरिया जिले में लोहारी में बीज प्रक्रिया केन्द्र संचालित था, जो जिले के विभाजन के बाद एमसीबी जिले में चला गया, इसके चलते कोरिया के किसान बीज प्रक्रिया के लिए अन्य जिलों पर निर्भर हैं। जिले में केन्द्र खुलने से स्थानीय बीजों का उत्पादन और गुणवत्तायुक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। दूसरी मांग में बैकुंठपुर स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय के जर्जर भवन का मुद्दा उठाया गया। उन्होंने कहा कि भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी हादसे की आशंका बनी रहती है। बरसात में पानी भरने से कर्मचारियों को कार्य करने में कठिनाई होती है, ऐसे में भवन का शीघ्र नवनिर्माण आवश्यक है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने केन्द्रीय मंत्री से दोनों मांगों को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है, ताकि जिले के किसानों और कृषि विभाग को स्थायी लाभ मिल सके।

**बचरापोड़ी पुलिस चौकी टीम ने की कार्रवाई**

## टेडमा में अवैध बिक्री का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत बचरापोड़ी चौकी पुलिस ने ग्राम टेडमा में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति से भारी मात्रा में गोवा व्हिस्की जब्त की है।

आरोपी के पास से कुल 52 नग 9360 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 7020 रूपए आंकी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि टेडमा माझापारा निवासी दिनेश कुमार सिंह अपने घर में अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब भारी मात्रा में रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी के घर दबिश दी। पूछताछ में दिनेश कुमार सिंह पिता मनोरंजन सिंह उम्र 33 वर्ष ने शराब रखने की बात कबूल की, इसके बाद एक हरे रंग की प्लास्टिक बोरी में रखी गई 180 एमएल की कुल 52 बोतलें बरामद की गई। बरामद शराब के संबंध में वैध पास या परमिट मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। हालांकि आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने, सहयोगी प्रवृत्ति एवं फरार होने की संभावना न होने के कारण उसे धारा 35(1)(इ)() बीएनएस के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया। जब्ती की कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है और जब्त शराब को सीलबंद कर पुलिस कब्जे में लिया गया है।

## शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप, हत्या की आशंका

**अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में बीते चार दिनों से लापता पांच वर्षीय अनुराग कोल का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मासूम का शव वार्ड क्रमांक 16 हनुमान दफाई स्थित आंगनबाड़ी के पास बरामद हुआ है। मृतक अनुराग 8 मई को अपनी मां के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जहां रात में सोने के दौरान वह अचानक से लापता हो गया, जिसका गुमशुदगी परिजन ने उसी दिन भालूमाड़ा थाने में दर्ज कराई। वहीं मंगलवार 13 मई की सुबह अनुराग का शव अमन चौक क्षेत्र में मिला, इसके बाद परिजन और पुलिस दोनों ही हत्या की आशंका जता रहे हैं। लिहाजा पुलिस द्वारा मामला कायम कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों को जानने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।



### जांच जारी है

चार दिन पुराना शव है, स्थल पर हमने एफएसएल की टीम भी बुलाया है, वहीं मर्ग कायम कर पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

**-आरती शाक्य**
पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोतमा।



## ख़बर संक्षेप



### चित्रकारी विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**सूरजपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के सभागार में चित्रकारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कलाकार एवं वक्ता विनोद कुमार द्वारा छात्राओं को चित्रकारी से संबंधित मूलभूत ज्ञान, कौशल एवं भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने चित्रकला, ड्राइंग, स्केचिंग से संबंधित विधाओं की जानकारी देते हुए अपनी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। विनोद कुमार ने हाल ही में सूरजपुर के प्रवास पर आए प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय को हस्त निर्मित छायाचित्र भेंट की थी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विनोद कुमार ने भी छात्राओं की जिज्ञासाओं को अपने रोचक तथ्यों, जवाबों के माध्यम से संतुष्ट किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### रामगढ़ घटना के बाद खाई वाले क्षेत्र में की गई बैरिकेडिंग



**रजपुरीकला।** रामगढ़ की पहाड़ियों में स्थित चंदन मिट्टी क्षेत्र के पास एक गहरी खाई में 11 वर्षीय बालिका बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े के गिर जाने की घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल ने रामगढ़ पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसी कड़ी में आज वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट विभाग द्वारा खाई के चारों ओर बांस की बैरिकेडिंग कर दी गई है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार के संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध रेत परिवहन मामले में 5 वाहन किए गए जब्त



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आज मंगलवार को खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही ग्राम पंचायत कुरुवां एवं राजापुर क्षेत्र में की गई। यहां पर अवैध रूप से रेत का परिवहन कार्य में लगे 5 वाहनों को जब्त किया गया है। बताया गया कि तीन वाहनों को बिश्रामपुर और 2 वाहन को जयनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सभी वाहनों के मालिकों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने की खबर है।

### वीर जवानों के विजय व शौर्य के लिए किया गया हवन-पूजन



**राजपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। इस बीच वीर सपूतों ने भी बलिदान दिया है। भाजपा ने मंडल के नेतृत्व में मां महामाया मंदिर में वीर सिपाहियों के विजय व शौर्य के लिए हवन पूजन किया गया। इस दौरान संजय सिंह,रवि प्रताप मरावी, धरम सिंह, प्रवीण अग्रवाल, जगवंशी यादव, बबलू यादव, संतोष तिवारी, उदय यादव, संतोष पांडे, मनोज बंसल, अनिल तिवारी, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, बंसीधर अग्रवाल ,पंकज गुप्ता व अन्य थे।

## निधन

### विमला देवी

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी वसायी राम अवतार गुप्ता की पत्नी विमला देवी का 67 वर्ष की आयु में मंगलवार की सुबह हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे 5 पुत्र एवं 1 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। वे भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, रूपेश गुप्ता, साई बाबा पब्लिक स्कूल के संचालक मनोज गुप्ता व नीलेश गुप्ता की माँ थी। उनका अंतिम संस्कार नगर की मुक्ति धाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



### ओव्हरटेक करने के दौरान हुई घटना

# ट्रक को टक्कर मार पलटी बस दो घायलों को किया गया रेफर



दुर्घटनाग्रस्त बस व लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अम्बिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग एनएच 343 झींगों अलखडीहा के बीच गढ़वा जाने वाली बस ने ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। दुर्घटना में दो यात्री बस के नीचे दब गए जिसे काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और नायाब तहसीलदार तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेतु भर्ती कराया। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया है।

**खास बात**

- जेसीबी की मदद से घायलों को निकाला गया बाहर

जानकारी के अनुसार हर रोज की भांति आज सुबह 11.30 गढ़वा जाने वाली सूरज बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5552 अम्बिकापुर से गढ़वा जा रही थी। बस जैसे ही झींगों और अलखडीहा के बीच पहुंची तभी सामने जा रही एक बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। बस के पलटने से बस के दरवाजे के पास खड़े अम्बिकापुर से बलरामपुर जा रहे देवेंद्र सिंह आ स्व. विश्वनाथ सिंह (58 वर्ष) एवं वृंदा आ. भीम भुइया (30वर्ष) हर्रा टिकरा थाना मणीपुर निवासी जो अम्बिकापुर से बासेन शादी न्योता मानने जा रही थी। घटना में वृन्दा का पैर बुरी तरह से कुचल गया। जबकि झींगों से गढ़वा जा रहे इमामुद्दीन अंसारी आ. अलीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही गोदा निवासी विद्या देवी पति गौतम विश्वकर्मा, दूधवल रंका निवासी मैराल मुजीब आ. हसन (75 वर्ष), पटना निवासी श्रीमती रेनू पांडे पति राधाराम पांडे एवं लखनपुर निवासी श्रीमती मन बसिया पति बहालीराम भुइयां को मामूली चोटें आई। घटना के बाद लगभग दो घंटों तक देवेंद्र सिंह व वृंदा बस के नीचे दबे रहे। इसी बीच पुलिस ने जेसीबी मंगा कर बस के नीचे दबे दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस दुर्घटना में करीब दर्जन भर से ज्यादा लोगों को मामूली चोटें आई है। डॉक्टरों ने वृन्दा एवं इमामुद्दीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बस एवं ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए।

#### टाइम पकड़ने के चक्कर में हुई दुर्घटना

अम्बिकापुर से गढ़वा जाने वाली सूरज बस अपने निर्धारित समय से अम्बिकापुर से गढ़वा जाने के लिए छुटी परंतु राजपुर पहुंचने से पहले परसागुड़ी के पास बस पंचर हो गया जिससे बस का टाइम फेल हो गया। बस में सवार प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बस जैसे राजपुर से छुटी अपने टाइम पकड़ने के चक्कर में बस का चालक बस को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। झींगों अलखडीहा के बीच बस सामने जा रहे दूसरे बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया और पलट गई।

#### जर्जर सड़क के बाद भी रफ्तार पर नहीं लगाम

एनएच 343 सड़क काफी जर्जर स्थिति में है परंतु वाहनों के रफ्तारों में कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। सड़क पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं कि वाहनों का चलना दूभर हो गया है। बावजूद इसके वाहन चालक अपने वाहनों के गति को कम करते नहीं दिख रहें हैं जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। आज भी खराब सड़क और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई।

## बोलेरो की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत



**अंबिकापुर।** मंगलवार को सूरजपुर जिले में अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दस वर्षीय मासूम समेत दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर इस घटना से गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जिला प्रशासन की टीम द्वारा लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए मर्च्युरी में रखवाया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम दुरती निवासी 32 वर्षीय बंसत सिंह आ. मनराखन सिंह अपने पुत्र 10 वर्षीय निलेश सिंह और रिश्तेदार 20 वर्षीय संपत सिंह के साथ भैंसा मुंडा अंतर्गत ग्राम खरसोता में मंडल कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। मंडप कार्यक्रम से बसंत सिंह बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान मंगलवार की शाम अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर दुरती सब स्टेशन के समीप जरही की ओर से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 3874 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों वाहन में फंसकर कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। इस घटना में संपत सिंह और बच्चे निलेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बंसत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और इधर घटना के बाद चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने सडक पर चक्का जाम कर दिया। घटना और चक्का जाम की सूचना मिलने के बाद भटगांव व प्रतापपुर पुलिस के साथ ही जरही नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया जिसके बाद शवों को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि घायल व्यक्ति को पटवारी सौरभ गोस्वामी द्वारा अपने निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर ग्राम दुरती में हुई घटना, एक की हालत गंभीर

### ट्रैक्टर पलटने से सवार युवक की मौत

बाइक नहीं मिलने से शादी कार्यक्रम में शामिल होने ट्रैक्टर से जा रहा युवक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम गहिला निवासी अनिल कुमार सिंह आ. श्रीराम 11 मई की दोपहर अपने ससुराल में शादी कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी कर रहा था। घर से बाइक नहीं मिलने पर घर के ट्रैक्टर को लेकर ससुराल जाने लगा। जैसे ही ग्राम नवापारा सीसी सड़क बजोरा तालाब पुलिया के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इधर ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा युवक ट्रैक्टर के नीचे मृत हालत में पड़ा हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, युवती घायल



**लखनपुर।** मंगलवार की देर शाम एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवती भी घायल हुई है। घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम 6.30 बजे एनएच 130 पर ग्राम हंसडांड के समीप तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 2566 को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक युवक की पहचान उदयपुर क्षेत्र के कुदर बसवार निवासी चंद्रिका के रूप में की गई है जो लखनपुर से उदयपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान ग्राम कुंवरपुर के समीप लक्ष्मणगढ़ निवासी 22 वर्षीया रूपा सिदार आ. बेसाहू सिदार लिफ्ट लेकर युवक की बाइक पर बैठ गई थी। जैसे ही दोनों हंसडांड के समीप पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक का पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवती को भी गंभीर चोटें आई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल युवती को डायल 112 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## ग्राम दावा के श्याम गौशाला में नए गौ शेड और दो सोलर हाई मास्ट लाइट्स का उद्घाटन

**अम्बिकापुर।** उदयपुर ब्लॉक के दावा गांव में स्थित श्री श्याम गौशाला में निर्मित नए गौ शेड और दो सोलर हाईमास्ट लाइटों का सोमवार को लोकार्पण विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को घटाने एवं गायों की सुरक्षा यह परियोजना का मुख्य उद्देश्य। विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काट पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। साथ ही 100 से अधिक गायों को केले, गुड़ और चने अर्पित किए गए।

आरआरवीयूएनएल सीएसआर पहल के तहत विकसित इन दोनों कार्यों से सड़क पर घूमने वाली बेसहारा गायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान होगा, विशेषकर वे गाय जो राष्ट्रीय राजमार्ग तारा से अंबिकापुर तक बार-बार देखी जाती थीं। इस परियोजना के जरिए गायों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को भी रोका जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदाय को मवेशी प्रबंधन में सहायता प्रदान करने के साथ-साथ टिकाऊ और मानवता पूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने का उद्देश्य है। इस दौरान आरआरवीयूएनएल मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा, उप अभियंता लालचंद बरेसाह, पवन ओझ, मनोज कुमार शाही, राजेश साव, प्रभोध सिंघल, अखंड विधायक सिंह, अनिल सिंह, राधे श्याम, देवनारायण यादव, आशीष अग्रवाल, शेखर सिंह देव सहित अन्य मौजूद थे।

## बदमाश युवकों के दो गुटों में चल रहा गैंगवार, अपराधियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल में लचर व सुस्त पुलिसिंग से चोरों के बाद अब बदमाश युवकों के हौसले बुलंद हैं।

- दशहरा मैदान में मारपीट के साथ दो पहिया वाहनों में की गई तोड़फोड़
- बिश्रामपुर पुलिस ने आधा दर्जन क्षतिग्रस्त बाइक को किया जब्त

अभी पांच दिवस पूर्व मनचले व बदमाश किस्म के युवकों के दो गुटों में चल रही गैंगवॉर की घटना के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद काउंटर अपराध दर्ज किया था।घटना के बाद अब पुनः सोमवार की शाम को पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्ष के लोग फिर से अम्बेडकर चौक व दशहरा मैदान में लाठी डंडा लेकर आपस में भीड़ गए।

बताया गया कि बिश्रामपुर चोपड़ा- माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों ने बीती रात रेलवे स्टेशन चौक मुख्य मार्ग पहुंचकर पुराने मारपीट की घटना में शामिल युवकों को लाठी डंडा,रॉड लेकर खोजबीन करने लगे,इसके कुछ समय बाद माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों की वापसी के दौरान अम्बेडकर चौक में रेलवे स्टेशन चौक के विपक्षी गुट के साथ आमना सामना हो गया जिसके बाद मौके पर लाठी डंडे के साथ दोनों युवकों के गैंग के बीच मारपीट हुई, घटना के कुछ देर बाद पुनः दूसरे पक्ष के युवकों ने दशहरा मैदान पहुंचकर मारपीट में शामिल युवकों को मारने के लिये दौड़ाया, इस दौरान कई युवक मौके पर अपनी बाईक छोड़कर भाग निकले,तत्पश्चात मौके पर गिरी बाइकों में युवकों ने लाठी डंडा से जमकर तोड़फोड़ कर दी।दोनो पक्षों में युवकों के गैंगवॉर की घटना की जानकारी मिलने के कुछ समय बाद दशहरा मैदान पहुंची पुलिस ने मौके पर क्षतिग्रस्त हुई आधा दर्जन बाईक को जप्त कर बिश्रामपुर थाना ले आई है।घटना के दूसरे दिवस देर शाम तक किसी भी पक्ष ने बिश्रामपुर थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।वर्तमान में निरंतर हो रही बदमाश युवकों के बीच गैंगवार की घटनाओं से नगरवासी दहशत में हैं।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



मवेशी चराकर वापस घर लौटने के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने आज मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई राझापारा निवासी 38 वर्षीय बबल उर्फ भोंदल यादव पिता रति राम यादव 7 मई की शाम मवेशी चराकर घर लौटने के दौरान गांव के ही शैलेन्द्र साहू के तरबूज खेत में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए झटका मशीन की तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी।मामले में मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर आरोपी शैलेंद्र साहू पिता लोचन साहू के खिलाफ धारा 105 व विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही थी जिस पर पुलिस ने मंगलवार को फरार आरोपी शैलेंद्र साहू को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।



बैठक लेते कलेक्टर एवं एसएसपी।

## कलेक्टर एवं एसएसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक ली। साथ ही जिले के सभी एसडीएम को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों, प्रयासों और आवश्यक पहल की समीक्षा कर सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण जल्द दिलाने, जनसमुदाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर बिना देर किए निराकरण करने एवं अपराधियों में पुलिस और कानून के प्रति खौफ बनाए रखने के निर्देश दिए। कारखानों, खदानों में फायर सेफ्टी, वाटर सेफ्टी सिस्टम, सायरन सिस्टम एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए।

- जनसमुदाय से जुड़ी समस्याओं के जल्द समाधान करने दिए निर्देश

बैठक में जिले में अवैध नशीले दवाईयों के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने कड़ी कार्रवाई करने, मेडिकल स्टोर्स की औचक निरीक्षण पुलिस, प्रशासन व ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम बनाकर करने, सीमावर्ती जिले से मादक एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिले को नशा मुक्त करने के पुलिस के नवजीवन अभियान के तहत नागरिकों को नशे से बचाव के लिए जागरूक करने, शराबी किस्म के व्यक्तियों का काउंसलिंग कराने, प्रत्येक गांव को नशा मुक्त करने पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने एवं मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को राजसात कराने के निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासन की टीम को विभिन्न क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा नशा शराब आदि के सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सघन अभियान चलाने, अवैध शराब व नशीली वस्तुओं के परिवहन एवं बिक्री पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने, विभिन्न आयोजनों के दौरान जानबूझकर ध्वनि प्रदूषण करने और रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करने, जिले में हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए माल वाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करने, हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक करने के साथ ही सख्ती बरतते हुए एमव्ही एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, एसडीएम शिवानी जायसवाल, सीएचएमओ डॉ. कपिलदेव पैंकरा, सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त डीजल।

## लापरवाही पूर्वक नापजोख करने वाला व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस अधीक्षक ने जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आपराधिक प्रवृति के लोगों पर पैनी नजर रख के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में 12 मई को चौकी तारा पुलिस ने ग्राम तारा में फारेस्ट डिपो के समीप एक मकान में मोहम्मद हुसैन द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखकर लापरवाही पूर्वक नापजोख करते पाए जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच मोहम्मद हुसैन उर्फ नान आ. अब्दुल खान (37 वर्ष) जो 165 लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक नापजोख करते मिला। पुलिस ने वैध दस्तावेज की मांग की तो कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। जिप पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध ईसी एक्ट की धारा 3, 7 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने मौके से 15 हजार 840 रुपए कीमत के 165 लीटर डीजल जब्त कर गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने जब्त की 165 लीटर डीजल

## चोरों ने कुम्दा खदान में घुसकर सुरक्षा गार्ड को पीटा, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा 7-8 नंबर खदान में गुरुवार की देर रात दस बजे कोयला चोरी करने की नीयत से घुसे चोरों ने कम्पनी सुरक्षा कर्मी से मारपीट कर दी है।घटना के बाद प्रार्थी सुरक्षा कर्मी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी प्रकाश आत्मज रामदास, मोहन आत्मज चरना, कमलेश कल्लू उर्फ बोधन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 331(2), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।बिश्रामपुर पुलिस को दर्ज शिकायत में प्रार्थी सम्मेलाल आजाद ने बताया कि वह कुमदा 7-8 खदान में सुरक्षा प्रहरी के पद पर कार्यरत है।घटना दिवस 8 मई की रात वह जब खदान में ड्यूटी कर रहा था तभी करीब रात्रि दस बजे चार पांच की संख्या में आए कोयला चोरों ने खदान में जबरन प्रवेश कर कोल स्टॉक से कोयला उठा कर बोरी में भरकर ले जाने लगे, इस दौरान उन्हें मना करने व विरोध करने पर कोयला चोरी कर रहे तीन आरोपियों ने उसके साथ हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट कर दी है जिससे शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।प्रार्थी सुरक्षा प्रहरी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

- तीन आरोपियों के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में अपराध दर्ज



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style



# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।




# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



## बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले




और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।



### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।



***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।

***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्थिति कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।



***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।



### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### सांसद प्रतिनिधि बनें पूर्व विधायक गुलाब

मनेन्द्रगढ़। जिले के प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन एवं जनसंपर्क के सुदृढ़ीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा पूर्व विधायक गुलाब कमरो को उनका अधिकृत सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। श्री कमरो सांसद की अनुपस्थिति में विभिन्न प्रशासनिक बैठकों, विकास कार्यों की समीक्षाओं एवं जनकल्याणकारी आयोजनों में उनकी ओर से प्रतिनिधित्व करें। इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे गुलाब कमरो से आवश्यक समन्वय बनाए रखें, ताकि प्रशासनिक गतिविधियों एवं सांसद कार्यालय की जिम्मेदारियों का संचालन प्रभावी एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। इस नियुक्ति पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री कमरो ने कहा कि मैं सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे यह महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व सौंपा है। यह दायित्व मेरे लिए एक सेवा का अवसर है और मैं पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ आम जनता एवं प्रशासन के बीच सेतु बनकर कार्य करूंगा। मेरी प्राथमिकता रहेगी कि जनहित के कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए तथा जनता को सांसद कार्यालय से त्वरित सहायता मिल सके।



### धौराटिकरा में जुआ खेलते दो गिरफ्तार

बैकुण्ठपुर। सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि धौराटिकरा के पीपल पेड़ के नीचे सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग ताश के पत्तो से रूपए का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पर पहुंच छापा मारकर दो आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा। पुलिस टीम आरक्षकों के कार्रवाई के दौरान मौके से आरोपी राजा राम पिता नेतलाल राजवाड़े उम्र उम्र 30 वर्ष निवासी दामुज थाना सोनहत के पास से 150 रूपए नकद और फड़ से 200 बरामद हुए। वहीं दूसरे आरोपी हीरालाल सोनी पिता स्व. रामचंद्र सोनी उम्र 62 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 भट्ठीपारा बैकुंठपुर के पास से 300 रूपए नकद और फड़ से 350 बरामद किए गए। पुलिस ने कुल 900 नकद और 52 पत्ती ताश की गड्डी जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### युवती से अश्लील हरकत व धमकी, एसपी के हस्तक्षेप पर कई धाराओं में मामला दर्ज

वेस्ट चिरमिरी। एमसीबी जिले के चिरमिरी बंगला दफाई छोटा बाजार की एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने बताया कि विगत दिनों नरेन्द्र सिंह, चंद्रपाल लखेरा और देवेन्द्र नाथ शर्मा उर्फ देबू शराब के नशे में उसकी दुकान के पास आए और अश्लील बातें करते हुए जबरदस्ती कार में बैठाने की कोशिश की। विरोध करने पर युवती से हाथापाई कर उसे कार में खींचने का प्रयास किया गया। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी मां और बहन के साथ गांधी स्टेडियम के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाकर जीविका चलाती है। घटना के वक्त जब उसकी बहन ने मना किया तो आरोपियों ने उसे बुलाया और कार में बैठने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी देवेन्द्र शर्मा ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि नरेन्द्र तेरे से पर्सनल काम करना चाहता है, जैसा बोलेगी वैसा करेगा, इसके बाद तीनों आरोपियों ने युवती के साथ जबरदस्ती करते हुए उसे कार में खींचने की कोशिश की। पीड़िता की चीख-पुकार पर उसकी बहन मौके पर पहुंची और उसे छुड़ाया, इसके बाद आरोपियों ने धमकी दी कि मैं ट्रेड यूनियन नेता हूं।

## निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और अध्ययन से मिलती है सफलता

# केवी झगराखंड का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

केन्द्रीय विद्यालय झगराखाण्ड ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पित शिक्षण, अनुशासन और गुणवत्ता आधारित शिक्षा से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सत्र 2024-25 में विद्यालय ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12 वीं परीक्षाओं में 100 प्रतिशत सफलता दर्ज कर इतिहास रच दिया है। विद्यालय के प्राचार्य बीएस श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि को छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और विद्यालय के समग्र शैक्षिक वातावरण का प्रतिफल बताया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय की ओर से समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं, टेस्ट सिरीज, करियर काउंसलिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य सत्र आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका सकारात्मक असर इस परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान खुशदीप सिंह 91.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्रशंसा अग्रवाल, एवं तृतीय स्थान माही जीवनानी रही। इसी तरह विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान अक्षिता राय, द्वितीय आकाश दुबे एवं तृतीय स्थान प्रियांशी चौबे ने प्राप्त किया। इन छात्रों ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर न केवल उच्च अंक प्राप्त किया, बल्कि अपने सहपाठियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बने। 10 वीं में प्रथम स्थान प्रतीक झा 95.8 प्रतिशत, द्वितीय श्रेया ठाकुर एवं तृतीय आयुषी सिंह प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने यह दिखाया कि निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और नियमित अध्ययन से श्रेष्ठ परिणाम संभव हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने इस दौरान छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें न केवल अकादमिक दृष्टि से, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी तैयार किया। अभिभावकों ने भी बच्चों को अध्ययन के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराकर इस सफलता में योगदान दिया। विद्यालय की इस उपलब्धि से न केवल संस्था का नाम रोशन हुआ है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणास्पद उदाहरण बना है। प्राचार्य श्री श्रीवास्तव ने सभी सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और बताया कि विद्यालय आने वाले सत्रों में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।



### प्रतिभा चौधरी को शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान

मनेन्द्रगढ़। गवर्नमेंट हाईस्कूल खोंगापानी की छात्रा प्रतिभा चौधरी आत्मज कमल भान चौधरी ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के नोडल अधिकारी (सीएसआर) एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा उन्हें प्रोत्साहन राशि 5000 के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें एसईसीएल के सीएसआर मद के अंतर्गत प्रदान किया गया, जिसका उद्देश्य मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के क्षेत्र में उनका उत्साहवर्धन करना है। प्रतिभा की इस उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता और विद्यालय का, बल्कि पूरे नगर और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। प्रतिभा आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन चुकी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, सहपाठी और स्थानीय नागरिकों ने भी प्रतिभा को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तुम ऐसे ही आगे बढ़ती रहो और अपने नगर एवं देश का नाम रोशन करती रहो, यह संदेश देते हुए परिजन और शिक्षकों ने गौरव और गर्व की भावना व्यक्त की।




### केवी चिरमिरी के निखिल ने मारी बाजी



चिरमिरी। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने मंगलवार को 10 वीं और 12 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए। केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी के छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत और लगन से बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 वीं और 12 वीं दोनों वर्गों में छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.28 प्रतिशत रहा, वहीं कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 98.3 पतिशत रहा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यालय स्टाफ जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कक्षा 12 वीं (कॉमर्स संकाय) में निखिल कुमार मेहता ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर अनूज अग्रवाल रहे, जिन्होंने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर निकिता सिंह ने 89.2 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 12 वीं (विज्ञान संकाय) में रेणुका के. नायर ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर रिदा अंसारी रहीं, जिन्होंने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर सृष्टि यादव ने 78.4 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा 10 वीं में स्निग्धा दाना ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं द्वितीय स्थान पर यश कुमार प्रजापति रहे, जिन्होंने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर आकृत बेहरा ने 90.8 प्रतिशत अंक हासिल किया। विद्यालय के प्राचार्य पॉल उदय अरोंग ने सभी विद्यार्थियों को इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी। उन्होंने इसे छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

### एकेडेमिक हाइट्स स्कूल के विद्यार्थी रहे अव्वल

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। मनेन्द्रगढ़ जिले के एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी इस वर्ष पुनः शहर के टॉपर्स का रिकॉर्ड अपने नाम किए। कक्षा दसवीं के विद्यार्थी चिराग अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मनेन्द्रगढ़ शहर में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं द्वितीय स्थान पर तरूण 95.6 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर काव्य दुगड़ एवं वीर जैन 95.4, पांचवे स्थान पर मोहिल अग्रवाल 92.4, छटवें स्थान पर नील सेतुआ 92, सातवें स्थान पर आयुष अग्रवाल 91.8, आठवें स्थान पर मानसी यादव 91 तथा नौवें स्थान पर अनन्या पूरी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे शहर में अपना नाम रोशन किया हैं। तरुण कुमार ने विज्ञान विषय में 100/100 अंक प्राप्त किया, वहीं कई विद्यार्थियों ने गणित में 99, विज्ञान में 99, अंग्रेजी विषय में 96, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में 99, सामाजिक विज्ञान में 96 और हिन्दी में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपना जौहर दिखाया। कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय के छात्र निपुण जैन ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। आदित्य अग्रवाल विज्ञान संकाय 88.4 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं प्रार्थना जैन कॉमर्स संकाय 88 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान तथा रजत सोनी 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त का चौथे स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 12 वीं में विद्यार्थियों ने बायोलॉजी में 97, अंग्रेजी में 91, अर्थशास्त्र में 90, फिजिकल एजुकेशन में 97 और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में 98 अंक प्राप्त कर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों का आशीर्वाद रहा। विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के इस अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## देवगढ़ में सुशासन तिहार : 1486 आवेदन निराकृत

जनकपुर। एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड़ अंतर्गत ग्राम देवगढ़ में 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण में 13 मई को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देवगढ़ में आयोजित किया गया, शिविर का शुभारंभ छग महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया, जिसमें समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था।




दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का संपूर्ण वातावरण सम्मान, सौहार्द्र और सहभागिता की भावना से अभिभूत रहा। इस विशेष शिविर में जनुवां, बेलगांव, चरखर, सिंगरौली, डोम्हारा, देवगढ़, लरकोड़ा एवं डोगरीटोला ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में तीसरा चरण संचालित हो रहा है। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किन विभागों ने अब तक कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन प्रक्रियाधीन हैं तथा कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 1672 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इनमें से 1486 आवेदनों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि 186 आवेदन लंबित रह गए हैं, जिनके शीघ्र निराकरण का भरोसा संबंधित अधिकारियों द्वारा दिलाया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सर्वाधिक 1171 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1167 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 4 आवेदन लंबित हैं। पशुधन विकास विभाग के सभी 32 आवेदनों का निराकरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग (देवगढ़ क्लस्टर) को 83 आवेदन मिले, जिनमें से 76 का समाधान किया गया और 7 लंबित हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनिता चौधरी, सुखमंती सिंह, जनपद पंचायत सदस्य लाल साय बैगा, सुखलाल सिंह मरावी, कैलाश सिंह, धर्मपाल मरावी, भारती बसोर, आम आदमी पार्टी अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, सरपंच शांति बैगा, स्नेह लता सिंह, सुमित्रा सिंह, केशकली, नागेन्द्र सिंह तथा गौतम सिंह उपस्थित रहे।

## मनेन्द्रगढ़ कप पोस्टर लांच, युवाओं में दौड़ी ऊर्जा की लहर

मनेन्द्रगढ़। खेलों के माध्यम से युवाओं में ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण की भावना भरने के उद्देश्य से प्रेसिडेंट क्लब द्वारा आयोजित फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मनेन्द्रगढ़ कप 2025 का पोस्टर हाईस्कूल ग्राउंड में बड़े उत्साह के साथ लांच किया गया।



क्लब अध्यक्ष आशीष सिंह ने बताया कि यह टूर्नामेंट वर्ष 2011 से नगरवासियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का एक ही उद्देश्य है शहर की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच देना, जहां वे खेल भावना के साथ आगे बढ़ सकें और मनेन्द्रगढ़ को एक नई पहचान दे सकें। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने भी शिरकत की और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। नगर पालिका हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। वरिष्ठ नेता लखनलाल श्रीवास्तव ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ कप 2025 के इस पोस्टर विमोचन समारोह में उपस्थित होकर मैं अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हू। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी के जोश, जज्बे और जुनून का प्रतीक है। पार्षद जमील शाह ने कहा कि जिस तरह से प्रेसिडेंट क्लब वर्ष 2011 से लगातार इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन कर रहा है, वह निश्चित ही प्रशंसा के योग्य है। यह आयोजन न केवल युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करता है, बल्कि मनेन्द्रगढ़ की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। आयोजन समिति के हरीश गुप्ता ने कहा कि मुझे गर्व है कि आज हमारा शहर केवल पढ़ाई या व्यापार में नहीं, बल्कि खेलों में भी अपनी पहचान बना रहा है और जब युवा मैदान में बल्ला घूमाते हैं, गेंद फेंकते हैं या कैच पकड़ते हैं तो उस एक-एक क्षण में उनके सपने, उनका संघर्ष और भविष्य की झलक दिखाई देती है।

### पाराडोल में शिविर, 2146 आवेदन निराकृत

मनेन्द्रगढ़। जिले के विकासखंड़ मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पाराडोल में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के तहत 12 मई को शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में पाराडोल सहित चैनपुर, बौरीडांड, चौघड़ा, चनवारीडांड, तेंदुडांड, नारायणपुर, छिपछिपी, भौंता, बंजी और बुंदेली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। शिविर में कुल 2783 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 2146 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 637 आवेदन लंबित हैं। आवास योजनाओं में 569 आवेदन आए थे, जिसमें सभी का निराकरण किया गया। वहीं राशन कार्ड के 128 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 120 का निराकरण कर दिया गया है, जबकि 28 आवेदन लंबित हैं, इसके साथ ही पेंशन के 62 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें सभी का निराकरण किया गया। इसके साथ ही मनरेगा विभाग में 303 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें सभी का निराकरण हो गया है।

## नर्सिंग का मतलब सिर्फ इलाज नहीं इंसानियत से जुड़ाव है -डॉ. ओझा

मनेन्द्रगढ़। एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग मनेन्द्रगढ़ के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष नर्सेस डे को अत्यंत हर्षोल्लास और भावनात्मक ऊर्जा के साथ मनाया। विद्यार्थियों ने सीएससी हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ श्रीमती डेविड सिस्टर एवं श्रीमती पुष्पा सिस्टर के सहयोग से समस्त नर्सिंग स्टाफ, डॉक्टरों और प्रशिक्षकों को उपहार भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राएं सीसीएल सेंट्रल हॉस्पिटल, आमाखेरवां पहुंचे, जहां सीएमओ डॉ. गौरव, मैट्रन श्रीमती सुनीता सिस्टर ,समस्त चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति में केक काटकर नर्सेस डे को सेलिब्रेट किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग के महत्व, सेवा-भाव और पेशे की गरिमा पर भी चर्चा हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने मनेन्द्रगढ़ स्थित वृद्धाश्रम जाकर वहां रह रहे 14 वरिष्ठजन के साथ न केवल समय बिताया, बल्कि उनके साथ केक काटकर दिन को विशेष बना दिया। विद्यार्थियों ने वृद्धजन का आशीर्वाद लिया और उनके जीवन अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त की। आयोजन में छात्रों का मार्गदर्शन प्राचार्य, प्रो. पूजा दीवान, प्रो. अपेक्षा त्रिपाठी, प्रो. मीरा देवी, लेक्चरर विनीता सिंह, उर्मिला सिंह आदि शामिल रहे।




### अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया

मनेन्द्रगढ़। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस प्रतिवर्ष 12 मई को मनाया जाता है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती का प्रतीक है। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और समाज में नर्सों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है और उनकी सराहना करता है। यह नर्सों को उनके प्रयासों और चौबीसों घंटे मरीजों की देखभाल करने के लिए धन्यवाद देने का अवसर भी है। उक्त बातें चैनपुर में संचालित एके नर्सिंग कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के दौरान संस्थान के डायरेक्टर डॉ.एके ओझा ने कही। इस अवसर पर संस्थान के छात्राएं एवं शिक्षक काफी संख्या में मौजूद रहे। उल्लेखीय है कि प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस एक संस्थान में विशिष्ट थीम पर कार्यक्रम किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2026 का थीम है हमारी नर्सें हमारा भविष्य। नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है।



## कुमार चौक पर मंत्री का पुतला दहन

# कर्नल सोफिया पर अपमानजनक टिप्पणी, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुण्ठपुर

भारतीय सेना की शौर्यशाली अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के मंत्री और भाजपा नेता विजय शाह द्वारा की गई शर्मनाक व अपमानजनक टिप्पणी को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक में कांग्रेस पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मंत्री का पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विजय शाह का पुतला दहन कर गुस्से का इजहार किया। सभी ने कहा कि देश की बेटियों और सेना की वर्दी का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र और राज्य सरकार से विजय शाह को मंत्री पद से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। उनका कहना था कि जिस नेता की सोच इतनी गिरी हुई हो, उसे किसी भी सार्वजनिक पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। साथ ही उन्होंने इस बयान को भारतीय सेना और महिला गरिमा का सीधा अपमान बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, मुख्तार अहमद, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, एजाज गुड्डू, राजू साहू, मनीष सिंह, अंकित गुप्ता, साहेब सिंह काकू, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह आदि शामिल रहे। मनोज दुबे, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, सोहेल, आर्यन, लालदास महंत सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कुमार चौक में विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन करते कांग्रेसी

### छात्राओं ने किया चिरगुड़ा पंचायत का शैक्षणिक भ्रमण



बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की एमए समाजशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने सामाजिक पहुंच एवं कौशल विकास विषय के चतुर्थ प्रश्न-पत्र के प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करने के लिए 5 मई को कोरिया जिले के चिरगुड़ा ग्राम पंचायत (पोस्ट पटना) का शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्राओं ने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र में कुक्कुट पालनः स्वरोजगार और आयवर्धन का माध्यम विषय पर फील्ड अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं ने स्थानीय कुक्कुट पालक अनवर आलम सिद्दीकी से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना।

